# नगर पालिक निगम, राजनांदगांव ( छ.ग. )

## ई-न्यूज

www.mcrjn.com, E-Mail : nigamrajnandgaon@gmail.com Tel/Fex no : 07744-404893

**संपादक बोर्ड**

**मुख्य संरक्षक**

श्री जीवन किशोर ध्रुव (स.प्र.से.)

**कार्यकारी**

श्री दीपक जोशी

**सहयोगी संपादक**

श्री जयनारायण श्रीवास्तव

श्री कामना सिंह यादव

श्री यू.एस. वर्मा

श्री देवेन्द्र सोनी

श्री टीकेन्द्र साहू




## महापौर द्वारा पदुमलाल पूनालाल बक्शी स्कूल में कम्प्यूटर का उदघाटन



राजनांदगांव 1 जनवमरी । महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा आज पदुमलाल पूनालाल बक्शी कन्या.उ.मा.शाला में पार्षद निधि द्वारा प्रदत्त कम्प्यूटर का विधिवत पूजा अर्चना कर उदघाटन किया गया। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा,लोकनिर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य व वार्ड पार्षद श्री देवशरण सेन,जन भागीदारी समिति के सदस्य श्री केवल राम साहू,श्री राजेश यादव,जिला साक्षरता मिशन की परियोजना अधिकारी श्रीमती रश्मि सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में शाला की प्राचार्य श्रीमती सुनीता खरे,शिक्षक सर्वश्री टी.एल.देवांगन,नरेश श्रीवास्तव,सत्येन्द्र देवांगन आदि के द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा कम्प्यूटर का विधिवत पूजा अर्चाना कर उदघाटन किया गया।

कार्यक्रम में महापौर श्री यादव ने अपने संबोधन में कहा कि मैं अपने पार्षद निधि से 2 नग कम्प्यूटर दिये जाने पर वार्ड पार्षद श्री देवशरण सेन को धन्यवाद देता हूँ, क्योकि शासकीय स्कूलों में राशि के अभाव में विद्यार्थियों को कम्प्यूटर

कार्यक्रम में महापौर श्री यादव ने अपने संबोधन में कहा कि मैं अपने पार्षद निधि से 2 नग कम्प्यूटर दिये जाने पर वार्ड पार्षद श्री देवशरण सेन को धन्यवाद देता हूँ, क्योकि शासकीय स्कूलों में राशि के अभाव में विद्यार्थियों को कम्प्यूटर सहित अन्य गतिविधियों में परेशानी होती है। श्री सेन द्वारा कम्प्यूटर देने से बक्शी स्कूल की छात्राएं भी कम्प्यूटर शिक्षा ग्रहण कर पायेगी। शाला के अन्य समस्या को भी हल करने का प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थी।

## महापौर पहुचे ढाबा सोसायटी नंदई,किसानों से ली धान खरीदी के संबंध में जानकारी



राजनांदगांव 5 जनवरी। महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा आज शहरी क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्र ढाबा सोसायटी नंदई में जाकर धान खरीदी के संबंध में किसानो से जानकारी ली। उनके द्वारा धान खरीदी केन्द्र में आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया गया,धान तौलने के काटा का निरीक्षण किया गया तथा धान के स्टाक करने के संबंध में संबंधित अधिकारी से जानकारी ली गयी।

महापौर श्री यादव ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश पर पूरे प्रदेश में धान खरीदी की जा रही है। उन्होंने सोसायटी प्रबंधक से खरीदी के संबंध में जानकारी लेकर सही तरीके से नाप तोल कर सरकार द्वारा निर्धारित दर पर किसानों को भुगतान करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि किसानों से 75 प्रतिशत ऋण की राशि जमा कराया जाये शेष 25 प्रतिशत की राशि राज्य शासन द्वारा जमा की जायेगी तथा जिन किसानों के द्वारा 100 प्रतिशत राशि जमा की गयी है,शासन द्वारा उनकी 25 प्रतिशत राशि वापस की जायेगी।

इस अवसर पर महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य श्री मनोज लोढा,बलवंत साव व पारस वर्मा,पार्षद श्री देवेश देवांगन उपस्थित थे।

## महापौर द्वारा नया व पुराना ढाबा का निरीक्षण

राजनांदगांव 5 जनवरी। महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा आज वार्ड भ्रमण के दौरान वार्ड नं. 4 पुराना व नया ढाबा का निरीक्षण किया गया और साफ सफाई व निर्माण कार्य के संबंध में संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

महापौर श्री यादव द्वारा पुराना व नया ढाबा के तालाब का निरीक्षण कर इस ग्रीष्म ऋतु में तालाब की सफाई कर सील्ट निकलाने का अश्वासन दिया गया। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में तालाब की सफाई कराकर जनसहयोग से सील्ट निकलवाया जाएगा। पुराना ढाबा में शीतला मंदिर गली में निर्माणाधीन सीमेंट कांक्रिटिंग रोड निर्माण कार्य का जायजा लेकर कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कराने के साथ साथ पानी तराई करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर पूर्व पार्षद श्री सुनील रामटेके सहित वार्ड के मनीष साहू,सोनूराम रजक,प्रकाश साहू,मिधू साहू,पन्नालाल साहू,नरेन्द्र सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## नगर निगम द्वारा रेल्वे हमाल मजदूरों को परिचय पत्र वितरण

राजनांदगांव 5 जनवरी। राज्य शासन श्रम विभाग के छत्तीसगढ असंगठित कर्मकार राज्य समाजिक सुरक्षा मण्डल द्वारा असंगठित कर्मकारों के लिये संचालित योजनाओं के तहत नगर निगम द्वारा निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा की उपस्थिति में 159 रेल्वे हमाल मजदूरों को परिचय पत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर जल एवं विद्युत विभाग के प्रभारी सदस्य श्री पारस वर्मा,पार्षद श्री दीपक चौहान व नामांकित पार्षद श्री रमेश नारायणी विशेष रूप से उपस्थित थे।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुये निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह द्वारा श्रम विभाग के तहत कर्मकारों जैसे धोबी,दर्जी,माली,मोची,नाई,रिक्शा-ठेला चालक,हमाल,फूटपाथ व्यपारी,घरेलू उद्योंग में लगे मजदूर,बढ़ाई,चरवाह,हाकर,कारीगर जैसे 50 से भी अधिक कर्मकारों को लाभ देकर सशक्त बानाने विभिन्न योजनाएं संचालित की है। जिसके तहत आज निगम द्वारा रेल्वे हमाल मजदूरों को पहचान देने परिचय पत्र दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके तहत विवाह,प्रसुति सहायता,चिकित्सा,छात्रवृत्ति आदि का लाभ दिया जाएगा। इसके लिये श्रमिकों को नजदीकी च्वाईस सेंटर में पंजीयन कराना पढ़ेगा। इसके लिये च्वाईस सेन्टर में जाकर श्रम विभाग के वेब साईट www.cg.nic.in/labour में आवेदन कर सकते है। कार्यक्रम में राजस्व अधिकारी श्री सुभाष दीक्षित,श्रम पदाधिकारी अजय हेमंत देशमुख,श्रम निरीक्षक श्री धनंजय गंजीर,लिपिक श्री नारायण यादव सहित रेल्वे हमाल मजदूर उपस्थित थे।

## महापौर ने ली राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक
## राजस्व वसूली में तेजी लाने के दिये कडे निर्देश

राजनांदगांव 6 जनवरी। महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा आज अपने कक्ष में आयुक्त श्री जे.के.ध्रुव व राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य श्री मनोज लोढ़ा के साथ राजस्व विभाग के अधिकारियो एवं कर्मचारियों की समीक्षा बैठक में वसूली के संबंध में वार्डवार जानकारी ली और वसूली में तेजी लाने कडे निर्देश दिये।




महापौर श्री यादव ने समीक्षा बैठक के दौरान समस्त राजस्व उप निरीक्षक एवं वार्ड प्रभारी को अपने प्रभारित वार्ड की वित्तीय वर्ष 2015-16 की कुल मांग एवं वसूली (चालू एवं बकाया सहित पृथक-पृथक) सहित प्रवृष्टि कर वार्डवार पंजी, जिसमें उस वार्ड के सम्पतिकर दाताओं, गैर सम्पतिकर दाताओं एवं जलकर दाताओं के संख्या पृथक-पृथक प्रविष्टि की जानकारी ली।

समीक्षा की कड़ी में महापौर श्री यादव ने कहा कि प्रतिदिन की गई वसूली को संग्रहण पंजी में तिथीवार पृथक-पृथक इंद्राज करने के साथ- साथ भागीरथी नल जल योजने के हितग्राहियों के नाम भी डिमान्ड पंजी में संधारण करने सहायक राजस्व निरीक्षक एवं वार्ड प्रभारियों को निर्देशित किये। उन्होंने बैठक में मुख्यमंत्री स्वालंबन योजना दुकान किराया,अटल आवास योजना के किराये वसूली के संबंध में जानकारी लेकर संबंधित को वसूली में तेजी लाने एवं राजगामी

क्षेत्र में निवासरत व व्यवसायरत लोगों से समेतिककर लेने के निर्देश राजस्व अधिकारी को दिये। उन्होंने वसूली के लिये 7 राजस्व उप निरीक्षकों एवं गठित दल को बकायादारों की सूची लेकर वसूली करने के कडे निर्देश दिये एवं कहा कि 7 उप निरीक्षक अपने अपने प्रभारीत वार्डो से लगभग 50 लाख रूपये प्रति माह वसूली करना सूनिश्चित करे।

महापौर श्री यादव ने निगम सीमाक्षेत्रान्तर्गत निवासरत भवन एवं भूमि स्वामियों तथा निगम स्वामित्व के दुकानों के किराएदारों से अपने स्वामित्व की भवन व भूमियों के संपत्तिकर,समेकितकर एवं जलकर की सम्पूर्ण बकाया राशि तथा निगम स्वामित्व की दुकानों का सम्पूर्ण बकाया किराया का भुगतान निगम कार्यालय में अनिवार्यतः जमा कर रसीद प्राप्त करने की अपील की है। साथ ही लंबे समय से करों का भुगतान नहीं करने वाले बड़े बकायादारों से अपने लंबित करों का भुगतान करने की अपील की है। बैठक में प्रभारी राजस्व अधिकारी श्री सुभाष दीक्षित,सम्पदाधिकारी श्रीमती पूर्णिमा श्रीवास्तव प्र0कार्यालय अधीक्षक श्री अशोक चौबे सहित समस्त राजस्व उप निरीक्षक एवं वार्ड प्रभारी उपस्थित थे।

## महापौर द्वारा गोल बाजार क्षेत्र का निरीक्षण



राजनांदगांव 7 जनवरी। महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा आज निगम आयुक्त श्री जे.के.ध्रुव,निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा,स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य श्री बलवंत साव,वार्ड नं. 25 के पार्षद श्री शरद सिन्हा,प्र.कार्यपालन अभियंता श्री दीपक जोशी,प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री अजय यादव के साथ गोल बाजार क्षेत्र में साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया और स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने के निर्देश दिये।

महापौर श्री यादव ने कहा कि हंडी पसरा के सुलभ शौचालय व मस्जिद के बाजू प्रमोटर बिल्डर द्वारा निर्मित निगम काम्पलेक्स के पास मुत्रालय की नियमित साफ सफाई कराई जाये। मस्जिद के बाजू की पुलिया के रोड को ठीक कर चौडा किया जाये। ताकि बाजार आने जाने में परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि बाजार क्षेत्र की प्रतिदिन साफ सफाई कर नियमित रूप से कचरा उठाया जाये तथा वार्ड में घर घर शौचालय के लिये प्राप्त आवेदनों में कार्यवाही करते हुये शौचालय निर्माण कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ किया जाये। इस अवसर पर स्वास्थ्य अमला सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

## महापौर ने की घर घर शौचालय निर्माण कार्य की समीक्षा,नागरिकों से शौचालय बनाने की अपील

राजनांदगांव 8 जनवरी। महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा आज स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत घर घर शौचालय निर्माण कार्य के संबंध में समीक्षा बैठक में शौचालय निमार्ण के प्रगति की जानकारी लेते हुये वार्डवार समीक्षा की और घर घर शौचालय निर्माण कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश देने के साथ साथ लोगों का शौचालय बनाने प्रेरित करने के निर्देश दिये।

महापौर श्री यादव ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार शौचालय विहिन घरों में नगर निगम द्वारा शौचालय निर्माण कार्य कराये जा रहे है। जिन घरों में शौचालय निर्माण किया जा रहा है। उसे अति शीघ्र पूर्ण किया जाये और जिनके द्वारा शौचालय निर्माण हेतु राशि जमा की गयी है वहा अतिशीघ्र निर्माण प्रारंभ किया जाये। उन्होंने सफाई दरोगाओं व वार्ड चपरासियो से कहा कि जिनके द्वारा स्वयं शौचालय निर्माण करना चाहते है उन्हे शासन द्वारा दिये

## महापौर द्वारा विकास कार्यो का जायजा

राजनांदगांव 11 जनवरी। महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा विकास कार्यो के निरीक्षण के तहत हाट बाजार में निर्मित चबूतरा व शेड निर्माण एवं वार्ड नं. 29 आरा मशीन रोड में चल रहे सडक निर्माण का जायजा लेकर प्र.कार्यपालन अभियंता श्री दीपक जोशी को कार्य में गति लाकर समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिये।



हाट बाजार निरीक्षण की कडी में चबूतरा एवं शेड निर्माण कार्य का जायजा लेकर निर्माण कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कराने के साथ साथ चबूतरा के आजू बाजू सीमेंट कांक्रिटिंग रोड निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ कराने के निर्देश दिये,साथ ही पीछे की ओर दिवाल तोडकर गेट लगाकर रास्ता खोलने के निर्देश दिये, ताकि पीछे के चबूतरा में बैठने वाले सब्जी व्यवसायियों को भी लाभ मिल सके। इसके अलावा हाट बाजर परिसर के पीछे निर्मित पुरानी मंदिर को हटाकर किनारे में नया मंदिर बनाकर स्थापना करने के निर्देश दिये।

महापौर श्री यादव द्वारा वार्ड नं. 29 में चल रहे सडक निर्माण व चौडीकरण कार्य का जायजा लेकर निर्धारित माप दण्ड के अनुसार डब्लू.एम.एम.कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ करने के बाद समय सीमा में डामरीकरण कार्य कराने प्र.कार्यपाल अभियंता श्री जोशी को निर्देशित किये। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा,राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य श्री मनोज लोढा,शिक्षा विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सुनील साहू,पार्षद श्री पुरूषोत्तम पटेल व श्री विजय राय उपस्थित थे।

## नगर निगम में हेल्प डेस्क डाटा सेंटर प्रारंभ

राजनांदगांव 11 जनवरी। भारत शासन महात्वकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन के सफल क्रियान्वयन एवं योजना संबंधी जानकारी व गतिविधियों के लिये नगर निगम में हेल्प डेस्क डाटा सेंटर कक्ष क्रं. 12 में प्रारंभ किया गया है।

हेल्प डेस्क डाटा सेंटर के सफल कियांवयन के लिये निगम आयुक्त श्री जे.के.ध्रुव द्वारा श्री पंकज चंद्रवंशी प्रोग्रामर (99856 27077) को प्रभारी अधिकारी,श्री रूपेश सिंह तकनीकि सहायक (98276 24273) व श्री टीकेन्द्र कुमार साहू प्र.कम्प्यूटर आपरेटर (98271 69857) को योजना से संबंधित समस्त जानकारी प्रदाय करने व प्रचार प्रसार का दायित्व सौपा गया है। हेल्प डेस्क डाटा सेंटर में दूरभाष क्रं. 07744 224240 में सम्पर्क कर सकते है।

## युवा दिवस पर निगम द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता सम्पन्न

राजनांदगांव 12 जनवरी। नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा आज दिनांक 12 जनवरी 2016 को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर महापौर श्री मधूसूदन यादव के मुख्य आतिथ्य में युवा दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के विभिन्न महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा वाद विवाद,भाषण प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम में बड चढ कर हिस्सा लिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष श्रीमती शोभा सोनी ने की एवं विशेष अतिथि के रूप में निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा सहित पार्षदगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का उदघाटन अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत महाविद्यालयों के प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों द्वारा किया गया।



महापौर श्री यादव ने मुख्य अतिथि के आसंदी से कहा कि आज स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी कडी में नगर निगम द्वारा महाविद्यालयीन स्तरीय वाद विवाद,भाषण व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा को सामने लाना है ताकि सभी प्रतिभागी अपना जौहर दिखा सके। हमारा उद्देश्य युवाओं के व्यक्तित्व का विकास करना है। सभी युवा प्रतिभाशाली होते है,लेकिन उनकी प्रतिभा को उभारने की आवश्यकता है। यह कार्यक्रम का पहला वर्ष है,अगले वर्ष से इसे और वृहद रूप से मनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकांनद जी ने शिकागो में आयोजित विश्व धर्म सम्मेलन में भारतीय संस्कृति को दुनिया के सामने पहुंचाया है। जिसके कारण पूरे दुनिया में भारत सांस्कृतिक राष्ट्र के रूप में पहचाना जाता है। उन्होंने वहां आयोजित प्रेस कान्फ्रेस में अंग्रेजी में किये गये प्रश्न का उत्तर हिन्दी में दिया और हिन्दी किये गये प्रश्न का उत्तर अंग्रेजी में दिया, तब कान्फ्रेस वालो ने इसका कारण पूछा तो उन्होंने कहा कि आपने हिन्दी में प्रश्न कर हमारी मातृ भूमि का सम्मान किया और मैने अंग्रेजी में उत्तर देकर आपकी मातृ भूमि का सम्मान किया। इस प्रकार की सोचवाले स्वामी जी के आर्दशो को हमे आत्मसात करना है। श्रीमती शोभा सोनी जी ने अपने संबोधन में कहा कि विवेकानंद जी युवा वर्ग की उत्थान की बात करते थे। वे युवओं को देश की शक्ति मानते थे। हमे उनके आर्दशो को मान कर उनके मार्गदर्शन पर चलना है। युवा दिवस के अवसर पर युवाओं की प्रतिभा को उभारने आयोजित इस कार्यक्रम के लिये मै महापौर सहित नगर निगम परिवार का आभार व्यक्त करती हूॅ। शिव वर्मा जी ने कहा कि आज युवा दिवस के अवसर पर महापौर जी द्वारा महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिये वाद विवाद,भाषण व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। विवेदानंद जी राष्ट्र के प्रति समर्पित थे और उन्होंने युवाओं को राष्ट्र के प्रति कार्य करने का जज्बा दिया।

कार्यक्रम में दिग्विजय महाविद्यालय,कमला देवी महाविद्यालय,शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय,लॉ कालेज,सीआईटी कालेज,कान्फूलेंस कालेज व एलिजेंट कालेज के विद्यार्थियों ने वाद विवाद,भाषण व सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर वाद विवाद प्रतियोगिता में 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय की कु. शिवांगी झा ने प्रथम व शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के श्री जेयस सेन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा भाषण प्रतियोगिता में 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया,जिसमें शासकीय दिग्विजय महा विद्यालय की कु.शिवांगी झा प्रथम व




शासकीय दिग्विजय महा विद्यालय की ही कु.अंकिता तोतवानी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रम में 4 नाटक व 1 नृत्य में प्रतिभागियो ने भाग लिया,जिसमें दिग्विजय महा विद्यालय ने प्रथम स्थान व विधि महा विद्यालय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही विशेष बाल कलकारों के रूप में 4थीं कक्षा की कु.खुशीदास ने मनमोहक शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत की एवं कक्षा 10वीं के नावेश चंद साहू ने रोचक भाषण प्रस्तुत किया।

समापन अवसर पर कार्यक्रम के अतिथि समाजसेवी श्री सौरभ कोठारी सहित महापौर श्री यादव,निगम अध्यक्ष श्री वर्मा,दिग्विजय कालेज के प्राचार्य डॉ आर.एन.सिंग एवं पार्षदगणों द्वारा प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह,नगद राशि व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इसके अलावा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

श्री सौरभ कोठारी ने युवाओं के प्रणेता स्वामी विवेकानंद जी की जयंती व युवा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की शुभकामनाएं दी और युवाओं के लिये इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने पर महापौर सहित निगम परिवार को साधुवाद दिया और महाविद्यालयों के प्रतिभागियों को प्रथम,द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विवेकानंद जी ने भारत के युवाओं के लिये मिशाल कायम किया है। उसे हमे भुलना नहीं है। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राध्यापक डॉ.एच.एस.भाटिया ने कार्यक्रम की रूप रेखा प्रस्तुत की,कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक डॉ.शंकर मुनि राय ने एवं आभार प्रदर्शन नगर निगम के शिक्षा सचिव श्री संजीव मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में नगर निगम के प्र.कार्यपालन अभियंता श्री दीपक जोशी,उप अभियंता श्री अतुल चोपडा,युवानेता श्री किशून यदू व श्री आशीष डोंगरे सहित प्राध्यापकगण और विद्यार्थी उपस्थित थे।


## महापौर द्वारा फ्लाई ओव्हर के नीचे निर्माण कार्य व सफाई कार्य का निरीक्षण



राजनांदगांव 15 जनवरी। महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा निगम आयुक्त श्री जे.के.ध्रुव,निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा व स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य श्री बलवंत साव के साथ फ्लाई ओव्हर के नीचे चल रहे पार्किंग निर्माण कार्य का

निरीक्षण कर तकनीकि अधिकारियों को निर्माण कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

महापौर श्री यादव ने कहा कि पार्किंग निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ अतिशीघ्र पूर्ण कराया जाये। ताकि नागरिकों को वाहन पार्क करने में सुविधा हो। साथ ही फ्लाई ओव्हर के नीचे नियमित रूप से साफ सफाई कराने के निर्देश स्वास्थ्य अमला को दिये। उन्होंने कहा कि फ्लाई ओव्हर शहर के मेन रोड से जुडा हुआ भाग है। इस लिये इसमें साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये और नियमित रूप से सफाई कर स्वच्छ एवं सुंदर रखा जाये। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता श्री आर.के.साहू व श्री अतुल चोपड़ा,आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ विनय मेश्राम,प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री अजय यादव सहित स्वास्थ्य व तकनीकि अमला उपस्थित था।



## महापौर द्वारा कम्प्यूटर कक्ष का उद्घाटन

राजनांदगांव 15 जनवरी। सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक शाला राजनांदगांव में शालेय वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के पुरूस्कार वितरण समारोह एवं छात्रों के कम्प्यूटर शिक्षा के लिये 20 नग कम्प्यूटर प्रदान कर कम्प्यूटर शिक्षा का उद्घाटन महापौर श्री मधुसूदन यादव के द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री शिव वर्मा, अध्यक्ष नगर पालिक निगम, राजनांदगांव होगें। कार्यक्रम में निगम में प्रतिपक्ष के नेता श्री हफीज खान, शिक्षा विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सुनील साहू, वार्ड पार्षद श्री शरद सिन्हा तथा प्रबंधन विकास समिति के सदस्यगण उपस्थित रहेंगें।

## संपत्ति कर का भुगतान करें- निगम आयुक्त
## बड़े बकायादारों की सम्पत्ति होगी कुर्क

राजनांदगांव 15 जनवारी। नगर निगम आयुक्त श्री जे.के.ध्रुर्व ने निगम सीमाक्षेत्रान्तर्गत निवासरत भवन एवं भूमि स्वामियों तथा निगम स्वामित्व के दुकानों के किराएदारों से अपने स्वामित्व की भवन व भूमियों के संपत्तिकर,समेकितकर एवं जलकर की सम्पूर्ण बकाया राशि तथा निगम स्वामित्व की दुकानों का सम्पूर्ण बकाया किराया का भुगतान निगम कार्यालय में अनिवार्यतः जमा कर रसीद प्राप्त करने की अपील की है। साथ ही लंबे समय से करों का भुगतान नहीं करने वाले बड़े बकायादारों से अपने लंबित करों का भुगतान अतिशीघ्र करने की अपील की है।

निगम आयुक्त श्री ध्रुर्व ने बताया कि किराया व करों का भुगतान न करने वालों के विरूद्ध उपरोक्त बकाया राशि की वसूली की कार्यवाही छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 में वर्णित प्रावधानानुसार सख्ती से की जाएगी जिससे उत्पन्न क्षति तथा सम्पूर्ण हर्जे-खर्चे के लिए संबंधित भवन भूमि स्वामी एवं किराएदार स्वयं व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे। साथ ही उन्होंने 50 हजार रूपये से अधिक के बकायादारों द्वारा यदि करों की राशि जमा नहीं की जाती है तो उनके नाम सामाचार पत्रों में प्रकाशन के साथ-साथ ध्वनी विस्तारक यंत्र के माध्यम से प्रत्येक वार्डो में घोषणा करायी जावेंगी। उन्होंने वसूली के संबंध में राजस्व अधिकारी व सभी राजस्व उपनिरीक्षकों की बैठक लेकर प्रतिदिन कडाई से वसूली करने के निर्देश दिये है। साथ ही 50 हजार रूपये से अधिक के बकायादारों द्वारा यदि अपनी करों का अतिशीघ्र भुगतान नहीं किया जाता है, तो उनकी सम्पत्ति कुर्क करने के निर्देश दिये है। उन्होंने नागरिकों से असुविधा से बचने के लिए उपरोक्त बकाया कर एवं किराए की राशि का भुगतान नियत समय सीमा में अनिवार्यतः जमा करने की अपील की है।

## निगम आयुक्त द्वारा बसंतपुर,नंदई,लखोली व कन्हारपुरी में सफाई व्यवस्था का जायजा


राजनांदगांव 16 जनवरी। निगम आयुक्त श्री जे.के.ध्रुव ने आज श्रमिक बहुल्य क्षेत्र बसंतपुर,नंदई,लखोली व कन्हारपुरी क्षेत्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री ध्रुव ने बसंतपुर,नंदई व पोस्ट मैट्रिक आदिवासी छात्रावास के पास के मुक्कडों से कचरा उठाने के निर्देश स्वास्थ्य अमला को दिये। उन्होंने कहा कि नियमित साफ सफाई कर मुक्कडों से कचरा प्रतिदिन उठाया जाये। इसके अलावा लखोली से कन्हारपुरी तक रोड के दोनों ओर बिखरे झिल्ली पन्नी को उठाया जाये व प्रतिदिन साफ सफाई का ध्यान रखा जाये और झिल्ली पन्नी फैकने व फैलाने वाले के विरूद्ध निगम प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जावे।

आयुक्त श्री ध्रुव ने लखोली संतोषी नगर तालाब के पास व कन्हारपुरी शंकर मंदिर तालाब के पास की झाडी कटवाकर साफ सफाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी तालाबों के आस पास साफ सफाई कर दवाई का छिडकाव करना सुनिश्चित करे। इसके अलावा पुरे शहर में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये तथा कार्य में लापरवाही बरतने व अनुपस्थित रहने पर संबंधित के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जाये।

## महापौर की उपस्थिति में वार्ड नं. 25 में डोर टू डोर कचरा संग्रहण प्रारंभ

राजनांदगांव 29 जनवरी। स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने वार्डो में डोर टू डोर कचरा संग्रहण किये जाने शासन के निर्देश के अनुक्रम में आज नगर निगम द्वारा महात्मा गांधी जी की पुण्य तिथि के अवसर पर वार्ड नं. 25 में गुडाखू लाईन से डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य का महापौर श्री मधुसूदन यादव निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा,स्वास्थ्यय विभाग के प्रभारी सदस्य श्री बलवंत साव व वार्ड के पार्षद श्री शरद सिन्हा द्वारा महात्मा गांधी जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों सर्वश्री देवशरण सेन,टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा,बलवंत साव,सुनील साहू,मनोज लोढ़ा,भगवान दास सोनी,अतुल रायजादा,पार्षदगण सर्वश्री टोकेश्वर ध्रुव,देवेश देवागंन,शरद कुमार सिन्हा,विजय राय,हेमंत शेखर यादव,अवधेष प्रजापति,हरीशचंद साहू,रूपेश साहू,नामांकित पार्षद श्री ओमप्रकाश अग्रवाल,श्रीमती अनिता सोनवानी,श्री रमेश नारायणी,श्री तोरण देवांगन,पार्षद प्रतिनिधि सर्वश्री घन्सूराम साहू,सतीश पाण्ड्या व जितेन्द्र ठाकुर,पूर्व पार्षद श्रीमती मिथलेश्वरी वैष्णव विशेष रूप से उपस्थित थे।



महापौर श्री मधुसूदन यादव ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य शासन के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत अभियान के तहत शहर को साफ सुथरा कर कचरा से मुक्त करना है। इसी कडी में आज महात्मा गांधी जी के पुण्य तिथि के अवसर पर नगर निगम द्वारा शहर के मध्यम वार्ड गुडाखूलाईन से डोर टू डोर कचरा संग्रहण प्रारंभ किया जा रहा है। इसके तहत कर्मचारी द्वारा प्रत्येक घर व व्यवसायिक संस्थानों से कचरा एकत्रित किया जायेगा। जिसे वाहन के माध्यम से निर्धारित स्थल तक पहुचाया जायेगा। जिससे नाली व घरों के आस पास गंदगी से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि इसके लिये मकान,धर्मशाला,मांगलिक भवन,होटल,शैक्षणिक संस्था,बाजार आदि के लिये शासन द्वारा न्यूनतम सेवा शुल्क निर्धारित किया गया है। जिसका भुगतान संबंधितों को करना होगा। अन्य वार्डो में भी अतिशीघ्र यह सेवा प्रारंभ की जायेगी।

इस अवसर पर महापौर श्री यादव सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा गुडाखूलाईन,जूनीहटरी,सिनेमा लाईन आदि क्षेत्रों में घुमकर गृहणियों व दुकानदारों से अपने घरों व प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरा को शासन द्वारा निर्धारित सेवा शुल्क पर डस्टबिन में एकत्रित कर नगर निगम द्वारा चलाये जा रहे रिक्शा व टाटा एस वाहन में डालने पाम्पलेट बांटकर अपील की गयी। इस अवसर पर आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ विनय मेश्राम,कनिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा सहित नगर निगम का स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

## महापौर ने जल व तकनीकि विभाग के अधिकारियों की ली बैठक

## ग्रीष्म ऋतु के पूर्व व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

राजनांदगांव 1 फरवरी। महापौर श्री मधुसूदन यादव ने आज अपने कक्ष में नगर निगम के जल व तकनीकि विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर ग्रीष्म ऋतु के पूर्व पेयजल संबंधी व्यवस्था दुरूस्त करने एवं निर्माण कार्यो की जानकारी लेकर निर्माण कार्य में तेजी लाने तकनीकि अधिकारियों को निर्देशित किये।



महापौर श्री यादव ने कहा कि आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुये पेयजल संकट वाले वार्डो में सुचारू पेयजल हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जल प्रदाय वाले वाहन ट्रेक्टर,पानी टैंकर,माजदा,फायर ब्रिगेट,टाटा एस आदि वाहनों के मरम्मत के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन वार्डो में पेयजल संकट होती है। उन वार्डो को चिन्हांकित कर प्लान तैयार करे ताकि ग्रीष्म ऋतु में सुचारू पेयजल व्यवस्थ उपलब्ध कराया जा सके। शहर के हैण्ड पंपों में लगे हाईडेन का मरम्मत कर चालू कर ले, जिससे टैंकर भरने में सुविधा हो। उन्होंने कहा कि हैण्ड पंप,नल आदि के रिपेरिंग समानों का भण्डारण करना सुनिश्चित करे। टंकियों की सफाई कराई जाये। ताकि ग्रीष्म ऋतु में शुद्ध पेयजल उपलिब्ध कराया जा सके। उन्होंने पीएचई के ई श्री पाण्डे को मोहारा के 27 एमएलडी के फिल्टर प्लांट में आवश्यक मरम्मत कार्य व मेंटनेस कार्य ग्रीष्म ऋतु के पूर्व कराने के निर्देश देने के साथ साथ शहर में पेयजल संबंधी जो योजनाए चल रही है। उसे अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये।

महापौर श्री यादव ने तकनीकि विभाग की समीक्षा में कहा कि जो निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुके है उसे गुणवत्ता के साथ अतिशीघ्र पूर्ण कराये और जो कार्य प्रारंभ नहीं हुये है। उन्हें एक सप्ताह के अंदर प्रारंभ करने के निर्देश प्र.कार्यपालन अभियंता श्री दीपक जोशी को दिये। उन्होंने कहा कि कार्यादेश देने के 7 दिवस के भीतर स्थल निरीक्षण कर लेआऊट देकर कार्य प्रारंभ कराये। साथ ही तकनीकि अधिकारी कार्य पूर्ण होने या आधा होने पर बिल तत्काल बनाये, ताकि समय सीमा में भुगतान किया जा सके। तकनीकि अधिकाीर प्रतिदिन अपने अपने प्रभारीत वार्डो में चल रहे निर्माण कार्यो की सतत निगरानी कर प्रगति प्रतिवेदन से उच्च अधिकारी को अवगत कराये।

महापौर श्री यादव ने कहा कि निर्माण कार्यो के बिल बनाने के लिये एक सीमा तय की जाये और उसके आधार पर कार्य करना सुनिश्चित करे। जैसे 5 लाख रूपये तक के निर्माण कार्यो के लिये 2 बिल, 10 लाख रूपये तक के निर्माण कार्यो

के लिये 3 बिल व 10 लाख रूपये से अधिक के निर्माण कार्यो के लिये प्रतिमाह रनिंग बिल बनाना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि आयुक्त द्वारा स्थल निरीक्षण के लिये सप्ताह में एक दिन निर्धारित किया जाये। साथ ही लेखा शाखा व अंकेक्षण विभाग में बिल परीक्षण का कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करे। ताकि आयुक्त के पास फाईल जाने पर बिल भुगतान में समय न लगे। उन्होंने कहा कि सभी विभाग के वार्षिक निविदा नये वित्तीय वर्ष प्रारंभ के पूर्व आहूत करना सुनिश्चित करे बैठक में आयुक्त श्री जे.के.ध्रुव,निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा जल विभाग के प्रभारी सदस्य श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा सहित प्र.सहायक अभियंता श्री कामना सिंह यादव,उप अभियंतागण सर्वश्री अतुल चोपडा,समद रजा खान,प्रणय मेश्राम,एसके लदेर आदि उपस्थित थे।

## डोर टू डोर कचरा संग्रहण में सहयोग करने महापौर ने की व्यपारियो से अपील


राजनांदगांव 9 फरवरी। स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने वार्डो में डोर टू डोर कचरा संग्रहण किये जाने शासन के निर्देश के अनुक्रम में गांधी जी की पुण्य तिथि के अवसर पर शहर के मध्यम वार्ड नं. 25 में गुडाखू लाईन से डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य का महापौर श्री मधुसूदन यादव सहित निगम पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया था। जिसके तहत कर्मचारी द्वारा प्रत्येक घर व व्यवसायिक संस्थानों से कचरा एकत्रित कर वाहनके माध्यम से निर्धारित स्थल तक पहुचाया जा रहा है। जिससे नाली व घरों के आस पास स्वच्छता का वातावरण बने।



डोर टू डोर कचरा संग्रहण की सफलता के लिये महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा फल एवं सब्जी व्यवसायीं,व्यापारियों व चेम्बर ऑफ कामर्स के पदाधिकारियों की बैठक लेकर डोर टू डोर कचरा संग्रहण के सफल क्रियान्वयन के लिये सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अपने अपने प्रतिष्ठानों में डस्टबीन रखे और कचरा उसमें एकत्रित कर डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने वाले कर्मचारी व निगम द्वारा चलाये जा रहे रिक्शा व टाटा एस वाहन में डाले। कचरा संग्रहण के लिये मकान,धर्मशाला,मांगलिक भवन,होटल, शैक्षणिक संस्था,बाजार आदि के लिये शासन द्वारा न्यूनतम सेवा शुल्क निर्धारित किया गया है। उक्त शुल्क की वसूली नागरियों की सुविधा को ध्यान में रखकर की जायेगी।

## महापौर द्वारा सुभाष द्वार जीर्णोद्धार कार्य का जायजा,कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करने के दिये निर्देश

राजनांदगांव 9 फरवरी। महापौर यादव द्वारा आज निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा,स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य श्री बलवंत साव,पार्षद श्री शरद सिन्हा के साथ सुभाष द्वार जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण कर ठेकेदार को गुणवत्ता के साथ कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि संस्कारधानी की अत्यंत प्राचीन धरोहर सुभाष द्वार जीर्णछिण हो गया था जिसे जन भावनाओं के अनुरूप जीर्णोद्धार कर सौदर्यीकृत किया जा रहा है। लगभग 11.50 लाख रूपये की लागत से सुभाष द्वार का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। जिसके तहत प्लास्टर कर मारबल ग्रेनाईट लगाकर विद्युतीकरण किया जाएगा।



# स्वच्छ भारत मिशन के प्रचार प्रसार हेतु नगर निगम द्वारा आज से नुक्कड सभा

राजनांदगांव 9 फरवरी। शासन निर्देश के अनुक्रम में स्वच्छ भारत मिशन के प्रचार प्रसार व नागरियों में जागरूकता लाने नगर निगम द्वारा कल दिनांक 10 फरवरी से वार्डो में नुक्कड सभा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिये संवेदना समाजिक संस्था राजनांदगांव के कलाकारो द्वारा नुक्कड नाटक के मध्यम से स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता लाये जायेगी। इसके सफल क्रियान्वयन के लिये आयुक्त श्री जे.के.ध्रुव द्वारा आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ विनय मेश्राम व प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री अजय यादव को कार्यक्रम प्रभारी अधिकारी बनाया गया है।




आयुक्त श्री ध्रुव ने बताया कि दिनांक 10 फरवरी को वार्ड नं.1 व 2 के लिये शाम 4 बजे से 6 बजे तक बजरंगपुर नवागांव में रानी अवंती बाई देवी मूर्ति के पास तथा वार्ड नं. 3,4 (नया ढाबा) व 8 के लिये शाम 7 बजे से 8:30 बजे तक आजाद चौक मोतीपुर में,11 फरवरी को वार्ड नं.4 (पुराना ढाबा) के लिये शाम 4 बजे से 5 बजे तक सांस्कृतिक मंच पुराना ढाबा तथा वार्ड नं. 5,6 व 11 के लिये शाम 6 बजे से 8 बजे तक देशमुख होटल चौक चिखली में,12 फरवरी को वार्ड नं. 7,9 व 10 के लिये शाम 4 बजे से 6 बजे तक शंकरपुर स्कूल के पास तथा वार्ड नं. 12 व 13 के लिये शाम 6:30 बजे से 7:30 बजे तक अजय मेडिकल के सामने स्टेशन पार में,13 फरवरी को वार्ड नं. 14 के लिये शाम 4 बजे से 5 बजे तक शीतला मंदिर के पास गौरी नगर तथा वार्ड नं. 16 के लिये शाम 5:30 बजे से 7:30 बजे तक महाराष्ट्र मण्डल के पास बल्देव बाग में तथा 14 फरवरी को वार्ड नं. 21 (रेवाडीह) के लिये शाम 4 बजे से 6 बजे तक सांस्कृतिक भवन रेवाडीह तथा वार्ड नं. 20 पेन्ड्री के लिये शाम 7 बजे से 8 बजे तक स्कूल मैदान पेन्ड्री में नुक्कड सभा का आयोजन किया गया है।

आयुक्त श्री ध्रुव ने आगे बताया कि 15 फरवरी को वार्ड नं. 26 व 27 के लिये शाम 4 बजे से 6 बजे तक पुराना बस स्टैण्ड काली माई मंदिर के पास तथा वार्ड नं. 30,31,32,33,34 व 35 के लिये शाम 6:30 बजे से 8:30 बजे तक सीडीएस भवन लखोली में,16 फरवरी को वार्ड नं.33 के लिये शाम 4 बजे से 6 बजे तक गौठान के पास कन्हारपुरी में तथा वार्ड नं. 39,40 व 48 के लिये शाम 7 बजे से 8:30 बजे तक नंदई चौक मंच के पास,17 फरवरी को वार्ड नं. 42 व 43 के लिये शाम 4 बजे से 6 बजे तक सीडीएस भवन बसंतपुर में तथा वार्ड नं. 46 के लिये शाम 6:30 बजे से 8 बजे तक बसंतपुर आंगन बाडी के पास,18 फरवरी को वार्ड नं. 47 के लिये शाम 4 बजे से 5 बजे तक सांस्कृतिक मंच मोहारा बस्ती में,वार्ड नं. 49 के लिये शाम 5:30 बजे से 6:30 बजे तक सिंदई शीतला माता मंदिर में तथा वार्ड नं. 50 के लिये शाम 7 बजे से 8 बजे तक मोहड पार्षद निवास के पास,साथ ही 19 फरवरी को वार्ड नं. 51 के लिये शाम 4 बजे से 6 बजे तक हल्दी चौक बस स्टाप के पास नुक्कड सभा का आयोजन किया गया है।

आयुक्त श्री ध्रुव ने पार्षदों एवं वार्ड के नागरिको से निर्धारित तिथि,स्थान व समय में पहुंचकर नुक्कड नाटक का आनंद लेकर स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम में सहभागिता कर सफल बनाने की अपील की है।

## महापौर द्वारा कन्हारपुरी में सामुदायिक भवन का लोकार्पण

राजनांदगांव 14 फरवरी। महापौर श्री मधुसूदन यादव के करकमलो द्वारा वार्ड नं. 33 कन्हारपुरी में अधोसंरचना मद अंतर्गत



लगभग 78 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का लोकार्पण परम्परागत रूप से किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता छ.ग.समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष श्रीमती शोभा सोनी ने की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा,लोकनिर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य श्री देवशरण सेन,वार्ड की पार्षद श्रीमती सुनीता साहू,पूर्व पार्षद श्री घनश्याम साहू सहित जल व विद्युत विभाग के प्रभारी सदस्य श्री पारस वर्मा,पार्षद श्री गप्पू सोनकर व श्रीमती देवबती साहू उपस्थित थे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा माँ कर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुजा अर्चना कर फीता काटकर पट्टीका का अनावरण कर सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया गया। तत्पश्चात वार्ड के टोपाराम साहू,दीपक निर्मलकर,पुनाराम साहू, थानूदास साहू,गिधारी हिरवानी,किशोर साहू,दुर्गा साहू,शत्रुहन साहू, राम जी साहू,ताराचंद साहू,रम्भेलाल,देवधन दास,लक्ष्मीनारायण,प्रेमलाल, प्रिंस स्कूल की प्रचार्या श्रीमती प्रेमलता साहू आदि के द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यअतिथि की आसंदी से महापौर श्री यादव ने अपने संबोधन में कहा कि आपके वार्ड में आज लगभग 78 लाख रूपये की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह व सांसद श्री अभिषेक सिंह की अनुशंसा पर कन्हारपुरी में भव्य सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है। सामुदायिक भवन के निर्माण से वार्ड में होने वाले वैवाहिक,सामाजिक,धार्मिक एवं अन्य कार्यक्रमों के लिये अच्छा स्थान मिल गया है। जिससे वार्डवासियों के लिये कम खर्च में आयोजन का माध्यम बन गया । विकास कार्य की कडी में इस वार्ड में सीमेंट कांक्रिटिंग रोड,तालाब में महिला घाट का निर्माण अतिशीघ्र कराया जायेगा। साथ ही इस ग्रीष्म ऋतु में जन सहयोग से तालाब का गहरीकरण कराया जावेंगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री व सांसद की द्वारा पूरे 51 वार्डो में विकास कार्य के लिये लगभग 30 करोड रूपये स्वीकृत किया जा रहा है। जिसका कार्य अतिशीघ्र वार्डो में कराया जावेंगा।

श्रीमती शोभा सोनी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि लगभग 10 वर्षो से इस भवन के लिये प्रयास किया जा रहा था, जो आज पूर्ण हुई, अब कन्हारपुरी वासियों को विभिन्न आयोजनों के लिये गांव से बाहर नहीं जाना पडेगा। मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह जी व सांसद श्री अभिषेक सिंह जी की मंशा शहर में अधिक से अधिक विकास करने की है,उनके द्वारा पूरे प्रदेश में विकास कार्य कराये जा रहे है। इस प्रकार के अन्य विकास कार्य भी आपके वार्ड में कराये जायेगे।

कार्यक्रम में निगम अध्यक्ष श्री वर्मा,लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सेन व वार्ड की पार्षद श्रीमती सुनीता साहू ने भी अपने संबोधन में सामुदायिक भवन निर्माण पर अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रिंस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम में वार्डवासी बडी संख्या में उपस्थित थे।

## नगर निगम द्वारा कंचन बाग के पास अतिक्रमण हटाया गया


राजनांदगांव 23 फरवरी। नगर निगम सीमांतर्गत अवैध निर्माण एवं शासकीय भूमि पर हो रहे अतिक्रमण पर प्रभावी रूप से रोकथाम करने के लिये निगर आयुक्त द्वारा नगर निगम में अतिक्रमण दस्ता (तोडू दस्ता) का गठन किया गया है। गठित दल द्वारा वार्ड नं. 29 कंचनबाग में श्री हाजी मोहम्मद नासिर द्वारा उद्यान की भूमि पर अतिक्रमण कर टीन का घेरा लगाकर कबाडी समान रखा गया था, जिसे हटाया गया। उक्त अतिग्रमण के लिये संबंधीत को नगर निगम अधिनियम के तहत नोटिस जारी किया गया था। किन्तु मोहम्मद नासिर द्वारा अतिक्रमण नहीं हटया गया था। जिसे आज नगर निगम के अतिक्रमण दस्ता द्वारा हटाया गया। इसी प्रकार नंदई कोटार पारा में श्री रमेश यादव द्वारा सडक में अतिक्रमण कर मकान बनाया जा रहा था, जिसे भी गत दिनों अतिक्रमण दस्ता द्वारा हटाया गया था।

आयुक्त श्री जे.के.ध्रुव ने बताया कि अतिक्रमण दस्ता (तोड् दस्ता) प्रतिदिन टांकाघर से ट्रेक्टर ट्राली एवं आवश्यक मजदूर लेकर शहर के विभिन्न वार्डो में निरंतर निरीक्षण करेंगे तथा शहर में हो रहे अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण हटाना जाना सुनिश्चित करेंगे।

## महापौर द्वारा चौपाटी क्षेत्र के जल शुद्धिकरण कार्य का जायजा

राजनांदगांव 24 फरवरी। महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा आज निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा,निगम आयुक्त श्री जे.के.ध्रुव,महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यगण सर्वश्री पारस वर्मा,देवशरण सेन,बलवंत साव,धीरज घोडेसवार,भगवान दास सोनी,पार्षद श्री शरद सिन्हा व श्री पुरूषोत्तम पटेल के साथ चौपाटी के नौका विहार क्षेत्र के पानी को किये जा रहे शुद्धिकरण कार्य का जायजा लिया गया।

महापौर श्री मधुसूदन यादव ने बताया कि चौपाटी क्षेत्र के तालाब में नाली का गंदा पानी जाने से तालाब गंदा हो गया था। उक्त क्षेत्र में नागरिकों द्वारा नौका विहार (बोटिंग) किया जाता है। जिसके काफी परेशानी होती थी। गंदा पानी जाने रोकने व तालाब को साफ करने मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह व सांसद श्री अभिषेक सिंह की पहल पर नाली का गंदा पानी जाने रोका गया और राष्ट्रीय पर्यावरण अनुसंधान संस्थान (निरी) द्वारा पानी की जांच कराई गयी। जांच उपरांत पानी में गंदगी पाई गयी। उन्होंने बताया कि पानी की गंदगी को साफ करने ओमला इंडिया इंक कम्पनी को पानी साफ करने का कार्य सौपा गया।



उक्त कंपनी के द्वारा चौपाटी के नौका विहार क्षेत्र के पानी को साफ करने की प्रक्रिया 13 दिसम्बर 2015 को प्रारंभ किया गया। कम्पनी के द्वारा बायोजिकल मेथर्ड से पहला डोज देकर पानी साफ किया गया। जिसके तहत बैक्टीरिया युक्त उत्प्रेरक डाला जाता है, जो पानी की गंदगी को खत्म करता है। उन्होंने बताया कि इससे किसी प्रकार का नुकसान नहीं होता और पानी एकदम साफ होकर नीचे की तह दिखाई देती है।

महापौर श्री यादव ने बताया कि 13 जनवरी 2016 एवं 13 फरवरी 2016 को पानी साफ करने के बाद निरी के सदस्यों द्वारा पानी की जांच कराई गयी,तो पानी के स्तर में सुधार पाया गया। उन्होंने बताया कि पानी घुले हुये आक्सीजन की मात्रा में 300 प्रतिशत की विद्धि हुई एवं नाईट्रेट क्लोरोफिल की मात्रा में लगभग 70 प्रतिशत की कमी आयी है, इस प्रकार पानी की क्वालिटी में सुधार हुआ एवं चोपाटी क्षेत्र के आस पास पानी से आने वाले दुर्गंध बंद हुई है।


महापौर श्री यादव ने बताया कि जल शुद्धिकरण के लिये जा रहे कार्य का जायजा लेने बायोविज्ञ टेक्नालाजी कंपनी के ग्लोबल इंप्लिमेंटेंशन अधिकारी श्री यूवान अमेरिका से आये थे। उनके द्वारा भी पानी के क्वालिटी में सुधार होने की पुष्टी की गयी। उन्होंने बताया कि उक्त कंपनी के देख रेख में रानी सागर व बुढा सागर के जल स्तर में सुधार के कार्य अतिशीघ्र कराये जाएगे। इस अवसर पर प्र.कार्यपालन अभियंता श्री दीपक जोशी,प्र.सहायक अभियंता श्री कामना सिंह यादव व मत्स्य विभाग के सहायक संचालक सहित तकनीकि अमला उपस्थित था।

## निगम आयुक्त द्वारा शहर के आंतरिक व श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का जायजा

राजनांदगांव 25 फरवरी। निगम आयुक्त श्री जे.के.ध्रुव ने आज शहर के आंतरिक व श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री ध्रुव ने कमला कालेज के पास मुक्कड का निरीक्षण कर प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री अजय यादव को प्रतिदिन कचरा उठाने हेतु निर्देशित किये। चौखडिया पारा सिंधी धर्मशाला के पास की नाली में गंदगी पाये जाने पर संबंधित सफाई दरोगा को नाली सफाई कराने,नंदई चौक के पास मुक्कड एवं राज्य परिवहन डिपो के पास मुक्कड से प्रतिदिन कचरा उठाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने लखोली क्षेत्र का निरीक्षण के दौरान लखोली स्कूल के पास की नाली की सफाई में कमी पाये जाने पर उपस्थिति पंजी की जांच कर वार्ड प्रभारी को नाली सफाई में सुधार लाने व अनुपस्थित कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

आयुक्त श्री ध्रुव ने वार्ड नं. 32 अटल आवास बैगा पारा के निरीक्षण के दौरान लखोली अटल आवासवासियों को समझाईस दी गयी कि अपने अपने घर में कचरा इकटठा कर प्रतिदिन निर्धारित स्थान पर डाले, साथ ही आस पास के क्षेत्र में साफ सफाई रखे। उन्होंने अटल आवास बैगा पारा में सुलभ शौचालय प्रारंभ न किये जाने पर संबंधित अधिकारी को कार्य अति शीघ्र प्रारंभ कराये जाने हेतु संबधित ठेकेदार को निर्देशित करने कहा। साथ ही अटल आवास के पास मूर्तिकार द्वारा नाली के उपर अतिक्रमण कर लकडी के फ्रेम जो हटवाने,निर्माणाधीन चौहान समाज भवन निर्माण कार्य में गुणवत्ता की कमी पाये जाने,बैगा पारा में निर्माणाधीन दुकान



निर्माण कार्य में गति लाने संबंधित ठेकेदार को निर्देशित करे के हेतु उप अभियंता को निर्देश दिये। उन्होंने बैक कालोनी के निरीक्षण के दौरान बैक कालोनी द्वारा 4 फीट अतिक्रमण कर नाली निर्माण कार्य व झोपडी बनाकर अतिक्रण किये गये

लोगों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु अतिक्रमण प्रभारी को निर्देशित किये। साथ ही नेहरू नगर की नाली व आदिवासी पोस्ट मेट्रिक छात्रावास के पास के मुक्कड की प्रतिदिन साफ सफाई व दवाई का छिडकाव कराने हेतु प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री अजय यादव को निर्देशित किया। इसके अलावा प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री अजय यादव से कहा कि पुरे शहर में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये तथा कार्य में लापरवाही बरतने व अनुपस्थित रहने पर संबंधित के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जाये।

## समाजिक सुरक्षा पेंशनधारी 3 दिवस के अंदर आधार नम्बर जमा करे-आयुक्त

राजनांदगांव 3 मर्चा। शासन निर्देश के अनुक्रम में समाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत निराश्रित पेंशन,विधवा पेंशन,वृद्धा अवस्था पेंशन आदि पेंशनधारी को आधार नम्बर के लिये अपना आधार कार्ड जमा कराने के निर्देश आयुक्त श्री जे.के.ध्रुव द्वारा पेंशन शाखा को जारी किया गया था। जिसके अनुक्रम में पेंशन शाखा द्वारा आधार नम्बर जामा कराया जा रहा है।

उक्ताशय की जानकारी देते हुये आयुक्त श्री ध्रुव ने बताया कि शासन द्वारा समाजिक सुरक्षा पेंशनों का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिये जाने आधार नम्बर,जमा कराने के निर्देश प्राप्त हुये है। इसके लिये पेंशन शाखा हो अवगत करा दिया गया था। जिसके तहत पेशन शाखा द्वारा आधार नम्बर जमा कराया जा रहा है। निगम के कर्मचारी पेंशनधारी हितग्राहियों का आधार नम्बर लेकर उनकी जॉच करेंगे, ताकि पात्र हितग्राहियों को इसका लाभ मिल सके। जिनके पास आधार नम्बर नहीं है उन्हें पेंशन लेने में परेशानी आ सकती है। इस लिये उन्होंने हितग्राही से आधार कार्ड का नम्बर 3 दिवस के अंदर नगर निगम के पेंशन शाखा में जमा कर लाभ लेने की अपील की है।

## महापौर द्वारा शीतला मंदिर परिसर में विशाल शिव प्रतिमा का लोकार्पण

राजनांदगांव 7 मार्च। महापौर श्री मधुसूदन यादव के करकमलो द्वारा शीतला मंदिर परिसर में विशाल शिव प्रतिमा का लोकार्पण पूजा अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व महापौर श्री नरेश डाकलिया ने की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा,नेता कांग्रेस पार्षद दल श्री हफीज खान,लोकनिर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य श्री देवशरण सेन,पूर्व वरिष्ट सभापति श्री सतीश कन्नौजे सहित महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री बलवंत साव,भगवानदास सोनी,पारस वर्मा,धीरज घोडेसवार,श्रीमती रेणू शर्मा,सुनील साहू,पार्षदगण सर्वश्री शरद सिन्हा,श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता,गप्पू सोनकर,विजय राय,श्रीमती करूणा ठाकुर,शेखर यादव,नामांकित पार्षद श्री तोरण देवांगन,पूर्व पार्षद सर्वश्री दिनेश शर्मा,जितेन्द्र शर्मा,राजू लाल टंडन उपस्थित थे।



कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा मॉ शीतला की पूजा अर्चना कर शिव लिंग का अभिषेक कर पटटीका का अनावरण किया गया। तत्पश्चात प्र.सहायक अभियंता श्री कामना सिंह यादव,उप अभियंता श्री एसके लदेर सहित निगम परिवार द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यअतिथि की आसंदी से महापौर श्री यादव ने अपने संबोधन में महाशिवरात्रि की बधाई देते हुये कहा कि आज इस पावन अवसर पर भगवान शंकर की विशाल प्रतिमा का अनावरण किया जा रहा है। इसका श्रेय मैं पूर्व महापौर श्री नरेश डाकलिया और उनकी टीम को देता हूॅ, जिन्होंने प्रतिमा स्थापना की पहल की और इस पून्य के काम में जोडने पर उनको धन्येवाद ज्ञापित करता हूॅ। इसी प्रकार आप सब के सहयोग से नगर

का विकास होगा। इस विशाल प्रतिमा के देख रेख,साफ सफाई आदि का कार्य के लिये निगम के अलावा मंदिर समिति व आस पास के लोगों का भी सहयोग अपेक्षित है। तभी इसकी सार्थकता है।

अपने अध्यक्षीय उदबोधन में पूर्व महापौर श्री नरेश डाकलिया ने कहा कि भगवान भोलेनाथ की इस प्रतिमा को लगाने की पहल हमारे पूर्व की टीम ने की थी जिसे आज महापौर श्री मधुसूदन यादव सहित उनकी टीम व निगम परिवार के पूरा किया। इसके लिये मैं निगम परिवार का आभार व्यक्त करता हूँ। मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के साथ साथ इस प्रकार के कार्य करने का सौभाग्य मिला। कार्यक्रम मे अपने संबोधन में निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा व नेता कांग्रेस पार्षद दल श्री हफीज खान ने भी महाशिव रात्रि की बधाई देते हुये इस पूनित कार्य के लिये पूर्व महापौर व वर्तमान महापौर को अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि संस्कारधानी में विकास की एक नई कडी जुडी है,इसका लाभ श्रद्धालुओं को मिलेगा।



कार्यक्रम में नागपूर के मूर्तिकार श्री शांतनू इंगले का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन प्रभारी सदस्य श्री देवशरण सेन ने व संचालन श्री कमलेश सुर्यवंशी ने किया। इस अवसर पर समाज सेवी श्री डीसी जैन,भारत भूषण पाण्डे,रोशन गोलछा,राजेश जैन,नीलेश सिंह,प्रखर श्रीवास्तव,धमेन्द्र श्रीवास्तव,भीष्म देवांगन,मंदिर के सुरेश कुमार दुबे,राजकुमार दुबे,दानी कुमार दुबे सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## नगर निगम द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित संगोष्ठी सम्पन्न

राजनांदगांव 8 मार्च। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर निगम द्वारा 8 मार्च 2016 को कन्हारपुरी आडिटोरियम में दोपहर 12 बजे से समाज सेविका सुश्री हेमलता मोहबे के मुख्यातिथ्य में महिला सशक्तिकरण एवं जल सवर्धन विषय पर संगोष्ठी सभा का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रभारी सदस्या श्रीमती रेणू शर्मा ने और विशिष्ठ अतिथि के रूप में पार्षद श्रीमती हेमा देशमुख व श्रीमती सुनीता साहू के अलावा पार्षद श्रीमती गिरजा निर्मलकर व श्रीमती दुलारीबाई साहू तथा विशेष वक्ता के रूप में सुश्री निलीमा पाण्डे एवं सोनल मिश्रा उपस्थित थी।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा माँ सरस्वति के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया गया।




तत्पश्चात महापौर श्री मधुसूदन यादव निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा सहित श्रीमती केशरी साहू,रेवती साहू,कलेश्वरी साहू,कुशुम जोशी,अंजू साहू,लता साहू,रेखा साहू,देवबती रजक,उदासा यादव,प्रियंका कोटीया आदि के द्वारा अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये सुश्री हेमलता मोहबे ने कहा कि महिला अपनी शक्ति को पहचाने और उसके आधार पर काम करे। शासन द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिये अनके योजनाएं लागू की गयी है। जिसका लाभ ले,बच्चों को शिक्षित करे और खुद भी शिक्षित होकर

महिलाओं को शिक्षित करने का कार्य करे। लोगों में जागरूकता लाये। उन्होंने कहा कि जल के बिना जीवन अधुरा है, हमे जल बचाना है। जल का उपयोग मितव्ययिता से करे,घर मे उपयोग किये गये खराब जल को पेड़ पौधो में डाले जिससे हरा भरा वृक्ष रहेगा। महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण व जल संवर्धन पर ग्रामीण वार्ड में कार्यक्रम आयोजित किया जाना उनकी अच्छी सोच है।

अपने अध्यक्षीय उदबोधन में श्रीमती रेणू शर्मा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण आज की आवश्यकता है। एक विशेष दिन चुन कर आज महिलाओं का सम्मान किया जाता है। लेकिन हमे महिलाओं का हर समय सम्मान करना है। महिलाओं के उत्थान के लिये कार्य करना है,उन्हें शिक्षित करना है,महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे बड रही है। महापौर श्री यादव ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं का सम्मान बढाया है। श्रीमती हेमादेशमुख ने अपने संबोधन में कहा कि आज हम ऐसा कार्य करे की आने वाले हर दिन महिलाओं का सम्मान हो,महिलाओं का देश को आजाद कराने में भी योगदान था,आज महिलाये आकाश को छु रही है। महिलाओं को शिक्षित कर आगे बढ़ाना है, उन्होंने कहा कि भविष्य को ध्यान में रखकर हम जल संग्रहित करने का कार्य करें वाटर हारवेस्टींग का उपयोग करे।

विशेष वक्ता सुश्री नीलिमा पाण्डे ने कहा कि आज महिलाएं सशक्त होकर आर्थिक,राजनीतिक,समाजिक, धार्मिक आदि क्षेत्रों में अपना विशेष स्थान बना रही है। महिलाएं आज लोहा की तरह मजबूत होकर गोली की तरह तेज चल कर कार्य कर रही है। पुरानी रूढीवादी परम्पराओं को समाप्त कर आज 21वीं सदी के वैज्ञानिक युग में महिलाये काम कर रही है। जिसका हमे अनुशरण कराना है। बच्चों में भेद भाव समाप्त कर बेटीयों को भी शिक्षित करना है। शासन की योजना का लाभ लेकर महिला समुहों को महिलाओं के हित में कार्य करना है।

सुश्री सोनल मिश्रा ने कहा कि जल संवर्धन आज की महती आवश्यकता है। जंगल कटने से,कल कारखाने खुल जाने से,सीमेट रोड बन जाने के कारण जल के श्रोत कम हो गया है। जिससे पर्याप्त पानी आज नही मिल पा रहा है। आज हमारा शरीर 70 प्रतिशत पानी से बना हुआ है। आज पानी का संरक्षण उतना ही महत्वपूर्ण है जितना अनाज का, उन्होंने कहा कि जल का श्रोत बढाने के लिये आज वाटर हारवेस्टींग सबसे बडा माध्यम है, इसके लिये घरों के छत एवं निस्तारी पानी जाने के लिये आंगन में गड्ढा खोदकर हारवेस्टींग सिस्टम बनाना चाहिये जिससे हैण्ड पंप कुआ आदि का जल स्तर बढेगा। इसके लिये लोगों में जागरूकता लाना है।



कार्यक्रम में कन्हारपुरी की बुजूर्ग महिलाएं श्रीमती केकती रजक,देववती रजक व उदासा यादव का साल व श्रीफल से अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर महिलाओं के लिये कुर्सी दौड व मोम बत्ती जलाओं प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसमें प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली महिलाओं को पुरूस्कृत किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण पार्षद श्रीमती सुनीता साहू ने,आभार प्रदर्शन महापौर श्री मधुसूदन यादव ने व संचालन निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा ने किया। कार्यक्रम में महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री देवशरण सेन,मनोज लोढा,टोपेन्द्र सिंह वर्मा,बलवंत साव,पार्षद सर्वश्री शरद सिन्हा,गप्पू सोनकर,शेखर यादव,नामांकित पार्षद श्री संजय लडवन,पूर्व पार्षद श्री घनश्याम साहू,सहित महिलाये बडी संख्या में उपस्थित थी।

## महापौर द्वारा सदर लाईन चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण,कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करने के दिये निर्देश



_राजनांदगांव 9 मार्च। महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा आज सदर लाईन में प्लेटफार्म तोड कर किये जा रहे चौडीकरण कार्य का निरीक्षण कर आयुक्त श्री जे.के.ध्रुव व प्र.कार्यपालन अभियंता श्री दीपक जोशी को कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

महापौर श्री यादव द्वारा निरीक्षण के दौरान सदर लाईन में प्लेटफार्म तोडने का कार्य धीमी गति से चलने पर नराजगी व्यक्त करते हुये कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश प्र.कार्यपालन अभियंता को दिये। उन्होंने कहा कि मटेरियल व मलमा सडक में रखे रहने के कारण यातायात बाधित हो रही है, इसलिये कार्य में तेजी लाकर अतिशीघ्र पूर्ण करे। एक तरफ कार्य पूर्ण होने के पश्चात दुसरे तरफ तोडने का कार्य प्रारंभ करे और निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। प्लेटफार्म के स्थान पर बिछाये जा रहे कांक्रिट सीट को व्यवस्थित रखकर फीलिंग करने का कार्य करे। इस दौरान ढाल का विशेष ध्यान रखे ताकि पानी जमा न हो और नाली साफ करने के लिये बीच बीच में चेम्बर का निर्माण करे।

महापौर श्री यादव ने प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री अजय यादव से कहा कि प्लेटफार्म तोडने के बाद नाली की सफाई अतिशीघ्र कराये, ताकि निर्माण कार्य अविलम्ब चालू कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा,राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य व वार्ड पार्षद श्री मनोज लोढा,लोकनिर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य श्री देवशरण सेन,जल विभाग के प्रभारी सदस्य श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा,उप अभियंता श्री आरके साहू सहित तकनीकि एवं स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

## महापौर द्वारा मोहरा फिल्टर प्लांट का निरीक्षण

_राजनांदगांव 9 मार्च। महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा आज आयुक्त श्री जे.के.ध्रुव,निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा,जल विभाग के प्रभारी सदस्य श्री टोपेंद्र सिंह पारस वर्मा,महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य श्री मनोज लोढा व श्री देवशरण सेन,प्र.कार्यपालन अभियंता श्री दीपक जोशी,जल विभाग के उप अभियंता श्री अतुल चोपडा के साथ मोहारा फिल्टर प्लांट का निरीक्षण कर नदी में पानी मात्रा की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।



महापौर श्री यादव ने मोहारा नदी में पानी की मात्रा की जानकारी ली जिसपर अधिकारियों द्वारा लगभग 20 दिन का पानी शेष रहने की जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि मटिया मोती जलाशय से पानी लेने की प्रक्रिया पहले से कर ली जावे,ताकि नदी में पानी कम होने से पूर्व

जलाशय से पानी लिया जा सके और नागरिकों को ग्रीष्म ऋतु में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

निरीक्षण के दौरान महापौर श्री यादव ने एलम व क्लोरीन की मात्रा की जानकारी लेकर दोनों के पर्याप्त भण्डारण करने के निर्देश दिये,ताकि ग्रीष्म ऋतु में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पडे। उन्होंने पानी में क्लोरीन की मात्रा की जानकारी ली और समय समय पर पानी में क्लोरीन की मात्रा जांच करने के निर्देश दिये। ताकि नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर फिल्टर प्लांट का अमला उपस्थित था।

## आयुक्त ने की तकनीकि अधिकारियों की समीक्षा

राजनांदगांव 16 मार्च । नगर निगम आयुक्त श्री जे.के.ध्रुव ने आज अपरान्ह अपने कक्ष में तकनीकि अधिकारियों की समीक्षा



बैठक लेकर अधिकारियों को केन्द्र प्रवर्तित व राज्य प्रवर्तित योजनाओं,अधोसंरचना मद,13वें वित्त आयोग,बीआरजीएफ, आईएचएसडीपी के क्रियान्वयन,स्वच्छ भारत मिशन के कार्य,घर-घर शौचालय निर्माण,भागीरथी नल-जल योजना एवं आगामी ग्रीष्म ऋतु में पेयजल व्यवस्था के संबंध में जानकारी लेकर अधिकारियों कड़े निर्देश दिये।

निगम आयुक्त श्री ध्रुव ने समीक्षा बैठक में कहा कि प्राप्त आवेदन पत्रों व शिकायतों का समय सीमा में जवाब दिया जाना सुनिश्चित करें तथा शासन की जानकारिया दिशा निर्देश के अलावा मुख्यमंत्री निवास,सांसद,कलेक्टर दर्शन,टीएल, जनप्रतिनिधियों से प्राप्त पत्रों का समय सीमा में क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करे। साथ ही सूचना के अधिकार की जानकारी संबंधित को समय सीमा में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी उप अभियंताओं से अपने अपने वार्डो में चल रहे निर्माण कार्यो के संबंध में जानकारी ली और कहा कि निर्माण कार्यो की सतत मानिटरिंग करे और समय सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण कराये। जिन कार्यो के कार्य आदेश जारी हो चुके है उक्त कार्य प्रारंभ कराना सुनिश्चित करे। साथ ही आईएचएसडीपी योजनांतर्गत चल रहे आवास निर्माण कार्य में प्रगति लाने के साथ साथ उक्त क्षेत्र में पेयजल,विद्युत व सडक निर्माण कार्य भी अतिशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। केन्द्र प्रवर्तित,राज्य प्रवर्तित योजयना बीआरजीएफ,13वें वित्त आयोग अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्य अतिशीघ्र पूर्व करने के निर्देश दिये। ताकि योजनाओं का समय सीमा में क्रियान्वयन हो सके। उन्होंने उप अभियंता श्री प्रणय मेश्राम व श्री समद रजा खान को आपने प्रभावित वार्ड में चल रहे कार्य के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं देने पर कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

आयुक्त श्री ध्रुव ने पेयजल की समीक्षा में वार्डो में चल रहे पाईप लाईन विस्तार कार्य की जानकारी ली और कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करेन के निर्देश दिये,ताकि ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की समस्या न हो। उन्होंने टैंकर की संख्या,वाहनों की स्थिति की जानकारी लेते हुये उन्हें दुरूस्त करने के निर्देश दिये। जिससे ग्रीष्म ऋतु में पानी परिवहन में परेशानी न हो। साथ ही गंदे पानी व पाईप लाईन लिकेज की शिकायत का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने घर घर शौचालय निर्माण कार्य की समीक्षा कर निर्माण कार्य में तेजी लाने एवं अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये।

बैठक में प्र.कार्यपालन अभियंता श्री दीपक जोशी,सहायक अभियंता जे.एन.श्रीवास्तव,प्र.सहायक अभियंता श्री कामना सिंह यादव,उप अभियंता सर्वश्री आर.के.साहू,समद रजा खान,अतुल चोपड़ा,प्रणय मेश्राम,प्र.कार्यालय अधीक्षक श्री अशोक चौबे आदि उपस्थित थे।

## निगम द्वारा सड़े गले खाद्य पदार्थो के विनष्टिकरण का अभियान जारी

## आज गंज मंडी से 595 किलो सड़े गले खाद्य पदार्थो का विनष्टिकरण किया गया

राजनांदगांव 7 अप्रैल। नगर निगम द्वारा निगम सीमांतर्गत संक्रमण बीमारी फैलने की आशंका को देखते हुये होटलों,खोमचे,फल दुकानों आदि के लाईसेंस निरीक्षण एवं सड़े गले खाद्य पदार्थो को नष्ट करने हेतु टीम गठित की गयी है। उक्त टीम द्वारा प्रतिदिन निरीक्षण कर विनिष्टीकरण की कार्यवाही की जा रही है। इसी कडी में आज नये गंज मण्डी से लगभग 595 किलो सड़े गले फल-सब्जी एकत्रित कर विनिष्टिकरण की कार्यवाही की गयी है।

आयुक्त श्री जे.के.ध्रुव के निर्देशन पर प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री अजय यादव एवं उनकी टीम के सदस्यों द्वारा सब्जी बाजार का लगातार निरीक्षण कर विनिष्टिकरण की कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत आज श्री यादव व उनके टीम के सदस्यों कनीष्ठ स्वच्छता निरीक्षक श्री राजेश मिश्रा,सफाई दरोगा श्री राजेश वर्मा,सुश्री एल्विना मार्कस,श्री कौशल साहू द्वारा नये गंज मंडी से लगभग 595 किलो सड़े-गले फल एवं सब्जी एकत्रित कर विनिष्टीकरण की कार्यवाही की गयी। टीम द्वारा विनिष्टिकरण की कार्यवाही अनवरत जारी रहेगी।

आयुक्त श्री जे.के.ध्रुव ने होटलो,खोमचों एवं फल-सब्जी व्यवसायियों से अपने प्रतिष्ठानों की नियमित साफ-सफाई करने,खाद्य सामाग्री को ढककर रखने ताजा खाद्य सामाग्री का विक्रय करने की अपील की है। साथ ही उन्होंने आम जनता से अपने घरों व घरों के आस-पास साफ सफाई रखने,ताजा खाद्य सामाग्री का उपयोग करने व पानी उबाल कर पीने की अपील की है।

## निगम द्वारा कुत्तो का बंध्याकरण जारी

राजनांदगांव 7 अप्रैल। आवारा कुत्तो के आतंक से नागरिकों को निजात दिलाने नगर निगम द्वारा निगम सीमांतर्गत के आवारा कुत्तो का बंध्याकरण करने की कार्यवाही की जा रही है।

उक्ताशय की जानकारी देते हुये निगम आयुक्त श्री जे.के.ध्रुव ने बताया कि आवारा कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने नगर निगम द्वारा कुत्तों का बंध्याकरण किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत आज तक लगभग 50 आवारा कुत्तों का बंध्याकरण किया गया है और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## नलो में टुल्लू पंप लगाकर पानी न खीचे-निगम आयुक्त

राजनांदगांव 7 अप्रैल। इस वर्ष अल्प वर्षा के कारण पानी की कमी को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा नलों में टुल्लू पंप लगाकर पानी खीचने पर कार्यवाही की जावेगी।

इस संबंध में नगर निगम आयुक्त श्री जे.के.ध्रुव ने बताया कि इस वर्ष अल्प वर्षा के कारण नदी,तालाबों में पानी की कमी हो गयी है। भू-गर्भ में भी पानी का स्तर बहुत नीचे हो गया है। उक्त बातों को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा नलो में टुल्लू पंप लगाकर पानी खीचने पर पंप जप्ती की कार्यवाही किये जाने के साथ साथ नल कनेक्शन काटने की भी कार्यवाही की जावेंगी। उन्होंने नागरिकों से टुल्लू पंप का उपयोग नहीं करने की अपील की है। ताकि सभी नागरिकों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सके।

## महापौर ने गर्मी में पेयजल आपूर्ति की समीक्षा की,पार्षदों से की चर्चा, व्यर्थ बहने वाले आम नलों को काटने के दिये निर्देश

राजनांदगांव 11 अप्रैल। महापौर श्री मधुसूदन यादव ने निगम वार्डो में पेयजल आपूर्ति को लेकर कांग्रेस व निर्दलीय पार्षदों एवं निगम अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने पानी टैंकरों के माध्यम से जल आपूर्ति की समीक्षा की तथा अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये।

महापौर श्री यादव ने निगम आयुक्त श्री जे.के.ध्रुव,अध्यक्ष श्री शिव वर्मा,नेता कांग्रेस पार्षद दल श्री हफीज खान,जल विभाग के प्रभारी सदस्य श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा की उपस्थिति में आहुत समीक्षा बैठक में पेयजल आपूर्ति के संबंध में निगम के कार्यो की वार्डवार जानकारी ली एवं पार्षदों से चर्चा की। बैठक में महापौर श्री यादव ने ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुये पेयजल आपूर्ति के संबंध में विशेष कार्ययोजना के क्रियान्वयन के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गत वर्ष निगम प्रशासन द्वारा चिन्हांकित क्षेत्रों में पेयजल की सतत आपूर्ति सुनिश्चित की जावे तथा टैंकरों व अन्य संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता अनिवार्य रूप से कर ली जावे।



महापौर श्री यादव ने कांग्रेस व निर्दलीय पार्षदों से उनके वार्ड में पेयजल के संबंध में जानकारी ली, उन्होंने वार्ड में नल में पानी की पर्याप्तता,हैण्ड पंप की स्थिति आदि के संबंध में जानकारी ली और अधिकारियों को पर्याप्त पेयजल आपूर्ति के संबंध में कार्यवाही किये जाने निर्देशित किये। उन्होंने कहा कि जिन वार्डो में पाईप लाईन बिछाने व मरम्मत का कार्य किया जा रहा है उसे अतिशीघ्र पूर्ण किया जाये तथा वार्डो में भागीरथी नल-जल योजनांतर्गत चल रहे नल लगाने के कार्य को पानी की पर्याप्तता को ध्यान में रखकर नल लगाया जाये। साथ ही जहॉ पानी की कमी है उस क्षेत्र में ग्रीष्म ऋतु के बाद भागीरथी योजना का कार्य प्रारंभ किया जाये।

महापौर श्री यादव ने कहा कि जिन वार्डो के आम नलों में पानी व्यथ बहता है वहा उपयोगिता के आधार पर टोटी लगाया जाये तथा अनावश्यक बहने वाले नलों को काटने की कार्यवाही की जाये। इसके अलावा नल व हैण्ड पंप मरम्मत समाग्री का पर्याप्त भण्डारण करने के निर्देश दिये। ताकि शिकायत प्राप्त होते ही तत्काल मरम्मत कराया जा सके। उन्होंने वार्डो में टैंकरो की मांग पर समय सीमा में प्राथमिकता के आधार पर टैंकर पहुचाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये तथा कहा कि सभी टैंकरों को मरम्मत कर व्यवस्थित करे,ताकि पानी परिवहन में परेशानी का समाना न करना पडे। उन्होंने



कहा कि जिन हैण्ड पंपों में पर्याप्त पानी है उसमें हाईडैन लगाकर टैंकरों को भरा जावें ताकि समय में वार्डो में पानी सप्लाई की जा सके। साथ ही मोहारा जल संयंत्रगृह में फिटकरी व क्लोरिंन का पर्याप्त भण्डारण किया जाये।

बैठक में कांग्रेस पार्षद श्रीमती हेमा देशमुख,प्रमोद अब्राहम,शकील अंसारी,श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता,श्रीमती ओमकला कुशवाह,श्रीमती दुलारी बाई साहू,पोषण लाल साहू,दीपक यादव,निर्दलीय पार्षद श्रीमती आयशा बेगम,विनय झा,अवधेश प्रजापति सहित प्र.कार्यपालन अभियंता श्री दीपक जोशी,जल विभाग के उप अभियंता श्री अतुल चोपडा व श्री युवराज कोमरे,प्र.कार्यालय अधीक्षक श्री अशोक चौबे सहित जल व मोटर प्रतिपालन विभाग के प्रभारी उपस्थित थे।

## महापौर द्वारा चयनित स्वच्छता दूत को नामांकन आदेश वितरण

राजनांदगांव 20 अप्रैल । स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत खुले में शौचमुक्त करने 13 से 19 अप्रैल तक विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश शासन द्वारा प्राप्त हुए थे। जिसके तहत स्थानीय नागरिकों में जागरूकता फैलाने अभियान चलाए जाने आयुक्त श्री जे.के.ध्रुव द्वारा तकनीकी एवं स्वास्थ्य अमला को मिलाकर दल का गठन किया गया। गठित दल द्वारा ग्रामीण वार्डो में जाकर शौचालय विहीन घरों में शौचालय निर्माण हेतु आवेदन भरकर शौचालय निर्माण के लिए प्रेरित कर अभियान चलाया गया। इसी अनुक्रम में स्वच्छता दूत का चयन किया गया।

शासन निर्देश के अनुक्रम में 19 अप्रैल को नगर निगम के सभागृह में महापौर श्री मधुसूदन यादव की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कर चयनित स्वच्छता दूत को नामांकन आदेश वितरण किया गया। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा, निगम आयुक्त श्री जे.के.ध्रुव, महापौर परिषद् के प्रभारी सदस्यगण सर्व श्री मनोज लोढ़ा, टोपेन्द्र सिंह वर्मा, अतुल रायजादा, सुनील साहू, पार्षदगण सर्वश्री दीपक चौहान, कुलभूषण पाण्डे, सुश्री शैल यादव, मुकेश बघेल, शरद सिन्हा, गप्पू लाल सोनकर, श्रीमती सुनीता साहू, श्रीमती करूणा ठाकुर, नामांकित पार्षद सर्वश्री ओमप्रकाश अग्रवाल, संजय लडुवन, रमेश नारायणी विशेष रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में आयुक्त श्री जे.के.ध्रुव द्वारा शासन आदेश के तहत दिनांक 13 से 19 अप्रैल तक खुले में शौच की प्रथा से मुक्त करने हेतु चलाए गए विशेष जागरूकता अभियान की रूपरेखा रखी गई। तत्पश्चात् महापौर श्री यादव सहित अतिथियों द्वारा ग्रामीण वार्डो में खुले में शौचमुक्त करने जागरूकता लाने चयनित स्वच्छता दूत श्रीमती एकता श्रीवास, देसिर श्रीवास, संध्या साहू, शशि साहू, नादिरा परवीन, इंदिरा पाटिल, मीना राजपूत, इलावती श्रीवास्तव, शांता बाई, ललिता वैष्णव, कीर्ति राणे को नामांकन आदेश वितरित किया गया।

इस अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी द्वारा खुले में शौचमुक्त करने घर-घर शौचालय निर्माण करने के निर्देश दिए हैं, जिसके अनुक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह जी द्वारा प्रदेश एवं नगरीय क्षेत्र में खुले में शौचमुक्त करने हर घर शौचालय निर्माण कराने अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। जिसके परिपालन में राजनांदगांव नगर निगम सीमा क्षेत्र में भी उक्त अभियान चलाया जा रहा है और आज इस अभियान को ग्रामीण वार्डो में चलाने स्वच्छता दूत नियुक्त किया गया है। ये स्वच्छता दूत घर-घर जाकर नागरिकों में खुले में शौच करने की हानि के बारे में बताकर घर-घर शौचालय निर्माण करने प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि हम सब नागरिकों से अपील करते हैं कि अपने-अपने घरों में शौचालय निर्माण कर राजनांदगांव शहर को खुले में शौचमुक्त शहर बनाए। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन प्र.कार्यपालन अभियंता श्री दीपक जोशी ने किया। इस अवसर पर प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री अजय यादव, उप अभियंता श्री अतुल चोपड़ा सहित सामुदायिक संगठक व स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

## निगम आयुक्त द्वारा लोक सुराज अभियान के क्रियान्वयन हेतु दलों का गठन

राजनांदगांव 20 अप्रैल । नगर निगम आयुक्त श्री जे.के.ध्रुव द्वारा लोक सुराज अभियान 2016 के सफल क्रियान्वयन हेतु दिनांक 21, 22 व 23 अप्रैल को वार्डो में प्रात 10.30 बजे से 4 बजे तक शिविर लगाकर समस्त वार्डो के आम नागरिकों से आवेदन/शिकायत/मांगपत्र प्राप्त करने दलों का गठित कर अधिकारियों व कर्मचारियों को दायित्व सौंपा गया।

आयुक्त श्री ध्रुव ने बताया कि गठित दल के अधिकारी व कर्मचारी वार्ड क्रं. 1,2,3,4 एवं 8 के लिए प्राथमिक शाला मोतीपुर, वार्ड क्रं. 5,6,7,9,10 एवं 11 के लिए प्राथमिक शाला चिखली, वार्ड क्रं. 12,13,14 व 15 के लिए सामुदायिक भवन गौरी नगर, वार्ड क्रं. 16 से 22 तक के लिए ठा. प्यारेलाल स्कूल, वार्ड क्रं. 23, 24 25 व 37 के लिए सर्वेश्वर दास स्कूल, वार्ड क्रं. 26,27,29 व 30 के लिए टांकापारा स्कूल, वार्ड क्रं. 31 से 35 तक के लिए सामुदायिक भवन लखोली, वार्ड क्रं. 36,38,39,40 व 41 के लिए स्वास्थ्य कार्यालय इंदिरा नगर, वार्ड क्रं. 42 से 46 के लिए सामुदायिक भवन बसंतपुर तथा वार्ड क्रं. 47 से 51 के लिए प्राथमिक शाला सिंगदई में आयोजित शिविर में उपस्थित रहकर वार्ड पार्षदों के सहयोग से प्राप्त वार्डवासियों के आवेदन, शिकायत, मांगपत्रों को दर्ज कर कार्यवाही हेतु विभाग को अग्रेषित किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

## महापौर की उपस्थिति में नवागांव में तालाब गहरीकरण कार्य प्रारंभ



राजनांदगांव 26 अप्रैल। महापौर श्री मधुसूदन यादव की उपस्थिति में वार्ड नं. 1 नवागांव में शीतला मंदिर के पास तालाब व गोठिया तालाब में जन सहयोग से गहरीकरण कार्य पूजा अर्चना कर प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा,वार्ड की पार्षद श्रीमती टिलेश्वरी साहू,पार्षद टोकेश्वर ध्रुव सहित राहुल चौबे,घन्सू साहू विशेष रूप से उपस्थित थे।

महापौर श्री मधुसूदन यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह व सांसद श्री अभिषेक सिंह द्वारा तालाबों के सर्वधन के लिये तालाबों की सफाई व जन सहयोग से गहरीकरण कार्य कराये जाने के निर्देश दिये गये थे। जिसके अनुक्रम में गत वर्ष ग्रीष्म ऋतु में गोकुल नगर,लखोली,आशा नगर आदि क्षेत्रों के तालाबों की सफाई कर जन सहयोग से गहरीकरण कार्य कराया गया था। इसी कडी में इस वर्ष कन्हारपुरी तालाब का गहरीकरण कराया गया और आप लोगो की मांग पर शीतला मंदिर तालाब का गहरीकरण कार्य जन सहयोग से कराया जा रहा है। इसके पश्चात गोठिया तालाब का भी गहरीकरण कराया जावेंगा। गहरीकरण कराने से पानी का संग्रहण क्षमता तालाब में बढ़ जायेगा,जिससे नवागांववासियों को निस्तारी आ कार्य में सुविधा होगी। इस अवसर पर पवन भारतद्वाज,चंदू वर्मा,राधेश्याम यादव, चेतुराम साहू,खेमलाल साहू,जानकी पाल,सावित्री पाल,भाना बाई साहू सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

## सम्पत्तिकर का भुगतान कर छुट का लाभ ले-महापौर

राजनांदगांव 28 अप्रैल। महापौर श्री मधुसूदन यादव ने नागरिकों से वित्तीय वर्ष 2016-17 में सम्पत्तिकर का अग्रिम भुगतान कर छुट का लाभ लेने की अपील की है।

महापौर श्री यादव ने बताया कि छ.ग.नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 137(1) के अधीन नियत तारीख के पूर्व चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 में सम्पत्तिकर का एकमुश्त भुगतान करने पर छुट का लाभ दिया जावेगा। उन्होने

बताया कि 1 अप्रैल 2016 से 31 जुलाई 2016 तक सम्पत्तिकर का भुगतान करने पर 6.2 प्रतिशत की छुट दी जावेगी। इसी प्रकार 1 अगस्त 2016 से 30 नवम्बर 2016 तक भुगतान करने पर 4 प्रतिशत की छुट दी जावेगी। इसके पश्चात अर्थात नियम अवधि 30 नवम्बर 2016 के पश्चात सम्पत्तिकर के भुगतान पर अधिनियम की धारा 138 (2) के उल्लेखित प्रावधानानुसार 1 दिसम्बर 2016 से 31 दिसम्बर 2016 तक 0 प्रतिशत एवं 1 जनवरी 2017 से 31 मार्च 2017 तक सम्पत्तिकर का भुगतान करने पर 5 प्रतिशत अधिभार लिया जावेगा। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2016-17 की सम्पात्ति पश्चात सम्पत्तिकर पर 10 प्रतिशत अधिभार लिया जावेगा। उन्होंने नागरियों से सम्पत्तिकर का भुगतान कर छुट का लाभ लेकर नगर विकास में सहयोग की अपील की है।



## महापौर परिषद में आंगन बाडी सहायिका की नियुक्ति की अनुशंसा

राजनांदगांव 28 अप्रैल। महापौर श्री मधुसूदन यादव की अध्यक्षता में महापौर परिषद की बैठक निगम स्थित महापौर कक्ष में अपरान्ह में आहुत की गयी। बैठक में आंगन बाडी सहायिका की नियुक्ति किये जाने की अनुशंसा के साथ साथ पाईप लाईन विस्तार,सफाई समाग्री की वार्षिक निविदा दर की स्वीकृति व वार्डो में सफाई कार्य ठेका पद्धति से महिला सामुदायिक संगठन के माध्यम से कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी।

महापौर श्री मधुसूदन यादव ने बैठक के संबंध में बताया कि बैठक में एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना राजनांदगांव शहरी अंतर्गत रिक्त 6 आगन बाडी सहायिकाओं क्रमशः वार्ड नं. 21,25,33,38,45 व 46 के आगन बाडी में खण्ड स्तरीय समिति के मुल्यांकण पश्चात वरिष्ठता के आधार पर चयनित आंगन बाडी सहायिकाओं का अनुमोदन किया गया। साथ ही वार्ड नं. 9 में पेयजल व्यवस्था हेतु लगभग 50 लाख रूपये की लागत से पाईप लाईन विस्तार कार्य की स्वीकृति के साथ साथ वित्तीय वर्ष 2016-17 में स्वास्थ्य विभाग में लगने वाले सफाई समाग्री के लिये आहुत निविदा में न्यूनतम दर की स्वीकृति प्रदान की गयी। इसके अलावा जोन क्रं 1 में 6 तथा जोन क्रं.2 व 3 के 8-8 वार्डो में सफाई कार्य ठेके के माध्यम से कराये जाने हेतु महिला सामुदायिक संगठन द्वारा प्राप्त न्यूनतम दर की स्वीकृति प्रदान की गयी।

इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री जे.के.ध्रुव तथा महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री देवशरण सेन,टोपेन्द्र(पारस)वर्मा,मनोज लोढ़ा,बलवंत साव,सुनील साहू,अतुल रायजादा,धीरज घोडेसवार,भगवान दास सोनी,मुकेश ध्रुव सहित निगम के अधिकारी उपस्थित थे।



## महापौर द्वारा छुटे हुये परिवारों से स्मार्ट कार्ड बनाने की अपील

राजनांदगांव 28 अप्रैल। महापौर श्री मधुसूदन यादव ने नगर निगम सीमाक्षेत्र में राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा एवं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजनांतर्गत स्मार्ट कार्ड बनाने के लिये छुटे हुये पारिवारों से जिनके द्वारा पूर्व में आवेदन में जानकारी भर कर भेजे थे,वार्डो में आयोजित

शिविर में जाकर स्मार्ट कार्ड बनवाने की अपील की है। साथ ही जिनके द्वारा आवेदन नहीं किया गया है वे भी शिविर में आवेदन कर सकते है।

स्मार्ट कार्ड बनाने के संबंध में आज नगर निगम के सभागृह में पार्षदों की आयोजित बैठक में महापौर श्री यादव कहा कि स्मार्ट कार्ड से वंचित परिवारों का सतप्रतिशत स्मार्ट कार्ड बनाने हेतु भारत सरकार द्वारा उपलब्ध समाजिक आर्थिक जातिय जनगणना सूची एवं राष्ट्रीय मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना सूची के मिलान पश्चात राजनांदगांव शहरी क्षेत्र के छूटे हुए परिवारों से पूर्व में आवेदन आमंत्रित किये गये थे। उक्त समस्त आवेदनकर्ता का नाम पूर्व वार्ड क्रं. अनुसार राज्य नोडल एजेंसी,राष्ट्रीय एवं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना,छत्तीसगढ़ रायपुर से पंजीयन हेतु प्राप्त हुआ है। जिनका स्मार्ट कार्ड बनाने का कार्य वार्डो में आयोजित शिवर में समय सुबह 10:30 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाना है।

बैठक में जिला चिकित्सालय की डॉ अल्पना लूनिया ने जानकारी देते हुये बताया कि अक्टूबर 2012 में जिनका स्मार्ट कार्ड बनाया गया है उनका स्वमेव नवनीकरण हो गया है। उन्हें अलग से कार्ड बनाने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि इस योजनांतर्गत परिवार के मुखिया एवं 4 अन्य सदस्यों को 1 वर्ष में अधिकतम 30 हजार रूपये तक का स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलेगा। इस योजनांर्गत हितग्राही को अपने ईलाज के लिये पंजीकृत सरकारी एवं निजी अस्पताल चयन की स्वतंत्रता है। हितग्राही को ईलाज के लिये भर्ती होने के 24 घण्टे के अंदर स्मार्ट कार्ड जमा करना है। उन्होंने बताया कि सभी पात्र छुटे हुये परिवार,परिवार के मुखिया सहित अन्य 4 सदस्यों के आधार कार्ड लेकर पंजीयन करा सकते है।

महापौर श्री यादव ने वार्डो में आयोजित शिवर में हितग्राहियों के स्मार्ट कार्ड बनवाने पार्षदों से अपील की है। बैठक में निगम आयुक्त श्री जे.के.ध्रुव,निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा,पार्षदगण सहित निगम व स्वास्थ्य विभाग का अमला उपस्थित था।

## नगर निगम द्वारा पेन्ड्री ट्रासपोर्ट नगर के पास अतिक्रमण हटाया गया



राजनांदगांव 29 अप्रैल। नगर निगम सीमांतर्गत अवैध निर्माण एवं शासकीय भूमि पर हो रहे अतिक्रमण पर प्रभावी रूप से रोकथाम करने के लिये निगर आयुक्त द्वारा नगर निगम में अतिक्रमण दस्ता (तोडू दस्ता) का गठन किया गया है। गठित दल के प्र.सहायक अभियंता श्री राजकुमार साहू,उप अभियंता श्री देवव्रत सिंह,प्र.पटवारी श्री मिलिन्द रेड्डी व लल्लू सिंह ठाकुर सहित निगम व पुलिस दस्ता द्वारा पेन्ड्री ट्रासपोर्ट नगर स्कूल के पास भूमि पर अतिक्रमण कर ठेला व झोपडी गया था। उक्त 3 ठेला व 5 झोपडी को हटाकर स्कूल के पास अतिक्रमण मुक्त किया गया।

आयुक्त श्री जे.के.ध्रुव ने बताया कि अतिक्रमण दस्ता (तोड् दस्ता) प्रतिदिन टांकाघर से ट्रेक्टर ट्राली एवं आवश्यक मजदूर लेकर शहर के विभिन्न वार्डो में निरंतर निरीक्षण करेंगे तथा शहर में हो रहे अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण हटाना जाना सुनिश्चित करेंगे।